लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़
खण्ड–3, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email ld&cg.dpi.dir@gmail.com

नवा रायपुर दिनांक 19/02/2024

क्रमांक / स्था.02–ई / व्या . 25 / 2024 / 1073

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
छत्तीसगढ़।

विषयः– लोक शिक्षण संचालनालय में उच्च अधिकारियों से मुलाकात हेतु शिक्षक संवर्ग / कर्मचारियों के अनुमति के संबंध में।

––00––

विषयांतर्गत विदित होंवे कि संचालनालय में संचालक / उच्च अधिकारियों से मुलाकात करने हेतु सैकड़ों की संख्या में शिक्षक / कर्मचारियों का आगमन होता है। उनके हित में हमारी कोशिश होती है कि, उनकी समस्याओं का निराकरण करें। यह तथ्य संज्ञान में आया है कि, बहुत बड़ी संख्या में शिक्षक / कर्मचारियों का संचालनालय में आगमन बिना सक्षम उच्च अधिकारियों की अनुमति, समक्ष अधिकारी से अवकाश स्वीकृति कराये बगैर ही होता है। जिससे विद्यालयों / कार्यालयों में अव्यवस्था के साथ–साथ संचालनालय की भी कार्यालयीन व्यवस्था प्रभावित होती है।

संचालनालय में शिक्षक / कर्मचारियों के आगमन के संबंध में यह सुनिश्चित करें किः–

1. आपके अधीनस्थ शिक्षक / कर्मचारी, संचालक / उच्च अधिकारियों से मुलाकात के पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करेंगे।
2. सक्षम अधिकारी अवकाश स्वीकृति अनुमति देने के पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि, संबंधित कर्मचारी / शिक्षक की समस्या संचालनालय शासन स्तर की है।
3. शिक्षक / कर्मचारियों के Delegation (संघ) के अधिकारी / कर्मचारी मुख्यालय छोड़ने के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारियों से अनिवार्यतः अनुमति प्राप्त करेंगे।
4. शिक्षक / कर्मचारीगण सक्षम अधिकारी की अनुमति / सहमति के पश्चात् संचालक / उच्च अधिकारियों से प्रत्येक मंगलवार व गुरूवार को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे के बीच मुलाकात कर सकेंगे।

उपरोक्त निर्देशों का समस्त स्तरों पर समुचित प्रसारण सुनिश्चित करें। निर्देशों के पालन करवाने का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारियों का होगा। निर्देशों के अवहेलना की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। आकस्मिक एवं विषम परिस्थितियों में मुलाकात हेतु निर्धारित दिन / समय सीमा लागू नहीं होगी।

19/2/24

संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

E-2 letter

नवा रायपुर दिनांक 19/02/2024

पृष्ठ. क्र./स्था.02–ई/व्या./25/2024/1074

प्रतिलिपिः–

01. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ।

02. सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ।

03. सर्व संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।

संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़